संसद सदस्यों ने श्री मोरारजी देसाई को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 29 फरवरी, 2016: प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन; लोक सभा उपाध्यक्ष, डा. एम. तम्बिदुरै; राज्य सभा के उपसभापति, प्रो. पी.जे.कुरियन; पूर्व उप प्रधानमंत्री तथा लोक सभा की आचार समिति के सभापति, श्री लाल कृष्ण आडवाणी की अगुवाई में संसद सदस्यों ने आज भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, श्री मोरारजी देसाई की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए ।

अनेक केन्द्रीय मंत्रियों; संसद सदस्यों; पूर्व संसद सदस्यों ने भी श्री मोरारजी देसाई को श्रद्धांजलि दी तथा लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्र और राज्य सभा के महासचिव श्री शमशेर के. शैरिफ ने भी श्री मोरारजी देसाई को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित श्री मोरारजी देसाई के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई ।

श्री मोरारजी देसाई के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा ने संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में 15 दिसम्बर, 1995 को किया था ।